जागरण

# हाजीपुर में दस लाख रुपये का नकली सामान बरामद

Publish Date:Sun, 22 Sep 2019 09:02 PM (IST)




- ब्लड प्रेशर की दवा नेरोलॉक का पेंट एवं इंगेज बॉडी स्प्रे एवं परफ्यूम बरामद - गुप्त सूचना पर गांधी आश्रम में छापेमारी कर की गयी सामानों की बरामदगी - टीम ने मौके से एक व्यक्ति को

वैशाली। हाजीपुर सदर थाना क्षेत्र के गांधी आश्रम मोहल्ले में रविवार की देर शाम गुप्त सूचना के आधार पर की गयी छापेमारी में करीब दस लाख रुपये मूल्य का नकली सामान बरामद किया गया है। मौके से एक व्यक्ति को टीम ने हिरासत में लिया है। पकड़े गए युवक से टीम गहन पूछताछ कर गिरोह के संबंध में जानकारी प्राप्त करने की कोशिश कर रही है। बरामद सामानों में सबसे चौंकाने वाली बात तो यह सामने आयी है कि यहां आम इंसान के जान से भी खेलने का काम यह गिरोह कर रहा था। ब्लडप्रेशर की नकली दवा भी मौके से बरामद की गयी है। वहीं प्रतिष्ठित कंपनी के पेंट एवं बॉडी स्प्रे के साथ परफ्यूम तक बरामद किया गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार वर्ल्ड प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड के फील्ड ऑफिसर शशिरंजन कुमार के नेतृत्व में रमेश कुमार एवं मो. एजाज ने हाजीपुर सदर थाना की पुलिस की मदद से छापेमारी की। नकली सामान बेचे जाने की गुप्त सूचना पर उक्त कार्रवाई की गई। छापेमारी में सदर थानाध्यक्ष रोहन कुमार समेत अन्य पुलिस अधिकारी एवं भारी संख्या में बल मौजूद था। बताया गया है कि गांधी आश्रम में श्याम बाबू राय के मकान से भारी मात्रा में नकली सामान बरामद किया गया है। बरामद सामानों में पेंट की प्रतिष्ठित कंपनी नेरोलॉक का पेंट भारी मात्रा में बरामद किया गया है। वहीं आइटीसी कंपनी का बॉडी स्प्रे एवं परफ्यूम के अलावा ब्लडप्रेशर की दवा लोसार एच भी भारी मात्रा में बरामद किया गया है। इस सिलसिले में मौके से सोनू कुमार नामक एक युवक को टीम ने हिरासत में लिया है, जिससे टीम सघन पूछताछ कर रही है।

Posted By: **Jagran**

Source: [https://www.jagran.com/bihar/vaishali-fake-goods-worth-one-million-rupees-recovered-in-hajipur-19603311.html](https://www.jagran.com/bihar/vaishali-fake-goods-worth-one-million-rupees-recovered-in-hajipur-19603311.html)